CBSE Class 08 Hindi Vasant
NCERT Solutions
पाठ 04 दीवानों की हस्ती

1. कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?
उत्तर:- कवि बेफिक्री भरा जीवन जीने वाला व्यक्ति है । कवि ने अपने आने को उल्लास इसलिए कहा है क्योंकि जहाँ भी वह जाता है ,मस्ती का आलम लेकर जाता है। उससे मिलकर लोगों के मन प्रसन्न हो जाते हैं पर जब वह उस स्थान को छोड़ कर आगे जाता है तब उसे तथा वहाँ के लोगों को दुःख होता है। विदाई के क्षणों में उसकी आँखों से आँसू बह निकलते हैं।

2. भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है? क्या वह निराश है या प्रसन्न है?
उत्तर:- यहाँ भिखमंगों की दुनिया से कवि का आशय है कि यह दुनिया केवल लेना जानती है,देना नहीं। कवि ने भी इस दुनिया को प्यार दिया पर इसके बदले में उसे वह प्यार नहीं मिला ,जिसकी वह आशा करता है। कवि निराश है, वह समझता है कि प्यार और खुशियाँ लोगों के जीवन में भरने में असफल रहा। दुनिया अभी भी सांसारिक विषयों में उलझी हुई है। इससे लगता है कि कवि निराश है ।

3. कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी?
उत्तर:- कविता में कवि का जीवन के प्रति दृष्टिकोण अच्छा लगा। कवि कहते है कि हम सबके सुख-दुःख एक है तथा हमें एक साथ ही इन सुखों और दुखों को भोगना पड़ता है। हमें दोनों परिस्थितियों का सामना समान भाव से करना चाहिए। ऐसी दृष्टिकोण रखने वाला व्यक्ति ही सुखी रह सकता है। विशेष तौर पर इसमें बेफिक्र और मस्त जीवन जीते हुए दूसरों की खुशियों का भी ध्यान रखने का सन्देश दिया गया है ।

• भाषा की बात
4. संतुष्टि के लिए कवि ने 'छककर' 'जी भरकर' और 'खुलकर' जैसे शब्दों का प्रयोग किया है। इसी भाव को व्यक्त करने वाले कुछ और शब्द सोचकर लिखिए, जैसे - हँसकर, गाकर।
उत्तर:- 1. खींचकर
2. पीकर
3. मुस्कराकर
4. देकर
5. मस्त होकर
6. सराबोर होकर